Publication Name: Hindustan
Publication Date: 16/03/2026
Edition: Muzaffarpur
Page No: 9
CCM: 97.27

Licenses Being Granted to PACS to Sell Generic Medicines

जेनेरिक दवाएं बेचने के लिए पैक्सों को मिल रहा लाइसेंस

मुजफ्फरपुर, वरीय संवाददाता। ग्रामीण इलाके के लोगों को भी अब सस्ती जेनेरिक दवाइयां मिल सकेंगी। इसके लिए राज्य सरकार की पहल पर सहकारिता विभाग पैक्सों को जन औषधि केंद्र खोलने में मदद कर रहा है। जिला सहकारिता विभाग की मदद से अब तक पांच पैक्सों (प्राथमिक कृषि साख सहयोग समितियों) को जन औषधि केंद्र खोलने के लिए ड्रग लाइसेंस दिया गया है।

जिला सहकारिता पदाधिकारी (डीसीओ) प्रशांत कुमार ने बताया कि सरकार की पहल पर विभाग पैक्सों में जन औषधि केंद्र खोलने में मदद कर रहा है। जिले के सभी 385 पैक्सों में इस केंद्र को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए वित्त वर्ष 2025-26 में पैक्सों के आवेदन मांगे गए थे। जिले में कुल 10 पैक्सों ने इसके लिए आवेदन दिया था। इनमें से पांच पैक्सों को जन औषधि केंद्र खोलने के लिए ड्रग लाइसेंस की स्वीकृति मिली है। इससे ग्रामीण इलाकों में भी सस्ती दवा सुगमता से उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

बताया कि जन औषधि केंद्र खोलने के लिए कई तकनीकी पहलुओं के कारण पैक्सों की ओर से इसमें रुचि नहीं दिखाई जा रही है। यही कारण है कि योजना के शुरू हुए तीन साल बीतने के बाद भी पर्याप्त मात्रा में आवेदन नहीं आ पा रहे हैं।